
# नीतिश्लोका:

[नीति का अर्थ है समाज तथा व्यक्ति को उन्नति के मार्ग पर ले जाने वाले सिद्धान्त । इन्हें संस्कृत के नीतिश्लोकों में अच्छी तरह प्रकट किया गया है । समाज को गिराने वाले असत् तत्त्वों से सावधानी तथा उसे ऊँचा उठाने वाले सत्तत्त्वों के प्रति प्रवृत्ति दिलाना नीति का उद्देश्य है । नीतिश्लोकों में दोनों प्रकार की बातें होती हैं । विवकशील व्यक्ति नीति के मार्ग पर चलकर स्वयं तो प्रतिष्ठित होता ही है, समाज को भी प्रतिष्ठा दिलाता है । इसीलिए नीतिश्लोकों का महत्त्व है । ये श्लोक कण्ठाग्र रहें तो जीवन के पद-पद पर मार्गदर्शन करते हैं ।]




1. पुस्तकस्था तु या विद्या, परहस्तगतं धनम् ।
   कार्यकाले समुत्पन्ने, न सा विद्या न तद् धनम् ॥1॥

2. न सा सभा यत्र न सन्ति वृद्धाः
   वृद्धाः न ते ये न वदन्ति धर्मम् ।

धर्मो न सः यत्र न सत्यमस्ति ,

सत्यं न तत् यच्छलमभ्युपैति ।। 2।।

3. गुणा गुणज्ञेषु गुणा भवन्ति

ते निर्गुणं प्राप्य भवन्ति दोषाः ।

आस्वाद्यतोयाः प्रवहन्ति नद्यः

समुद्रमासाद्य भवन्त्यपेया : ।। 3 ।।

4. आपत्काले तु सम्प्राप्ते यत् मित्रं मित्रमेव तत् ।

वृद्धिकाले तु सम्प्राप्ते अमित्रोऽपि सुहृद् भवेत् ।। 4 ।।

5. प्रियवाक्यप्रदानेन सर्वे तुष्यन्ति जन्तवः ।

तस्माद् तदेव वक्तव्यं वचने का दरिद्रता ।। 5।।

6. वाणी रसवती यस्य यस्य श्रमवती क्रिया ।

लक्ष्मीः दानवती यस्य सफलं तस्य जीवितम् ।।6।।

7. विपदि धैर्यमथाभ्युदये क्षमा

सदसि वाक्पटुता युधि विक्रमः ।

यशसि चाभिरुचिर्व्यसनं श्रुतौ

प्रकृतिसिद्धमिदं हि महात्मनाम् ।।8।।

8 दुर्जनेन समं वैरं प्रीतिं चापि न कारयेत् ।

उष्णो दहति चाङ्गारः शीतः कृष्णायते करम् ।।

## शब्दार्थाः

| | | |
|---|---|---|
| पुस्तकस्था | – | पुस्तक में स्थित |
| परहस्तगतम् | – | दूसरे के हाथ में गया हुआ |
| कार्यकाले | – | कार्य के समय में |
| समुत्पन्ने | – | उत्पन्न होने पर |
| तद् | – | वह |
| यत्र | – | जहाँ |
| अभ्युपैति | – | से जुड़ता है |
| गुणज्ञेषु | – | गुणीजनों में /गुणों को जानने वालों में |
| निर्गुणम् | – | निर्गुणी व्यक्ति को |
| प्राप्य | – | पहुँच कर के |
| नद्यः | – | नदियाँ |
| आस्वाद्यतोयाः | – | स्वादयुक्त जलवाली |
| प्रवहन्ति | – | बहती हैं |
| आसाद्य | – | पहुँच कर; पाकर |
| अपेयाः | – | न पिये जाने योग्य |
| आपत्काले | – | विपत्ति के समय में |
| सम्प्राप्ते | – | आने पर |

| | | |
|---|---|---|
| यत् | – | जो |
| मित्रम् | – | मित्र, दोस्त |
| तत् | – | वह |
| वृद्धिकाले | – | उन्नति या सुख के समय में |
| सम्प्राप्ते | – | समय आने पर |
| अमित्रोऽपि | – | मित्र न होने पर भी, शत्रु भी |
| सुहृद् | – | मित्र |
| भवेत् | – | बन जाता है |
| प्रियवाक्यप्रदानेन | – | प्रिय बोली बोलने से |
| तुष्यन्ति | – | संतुष्ट होते हैं |
| जन्तवः | – | सभी प्राणी |
| वक्तव्यम् | – | कहना चाहिए |
| वचने | – | वचन में |
| दरिद्रता | – | गरीबी/ कंजूसी, कमी |
| तस्माद् | – | उससे |
| वाणी | – | बोली |
| रसवती | – | मधुर, रस युक्त |
| यस्य | – | जिसका |
| श्रमवती | – | श्रम युक्त / परिश्रम युक्त |

| | | |
|---|---|---|
| क्रिया | – | काम |
| लक्ष्मीः | – | धन-सम्पत्ति / धन की देवी |
| दानवती | – | दानशील |
| विपदि | – | विपति में, कठिनाइयों में |
| अभ्युदये | – | उन्नति में |
| सदसि | – | सभा में |
| वाक्पटुता | – | वाणी की कुशलता, बोलने में कौशल |
| युधि | – | युद्ध में |
| विक्रमः | – | शौर्य, वीरता |
| यशसि | – | यश में, कीर्ति में |
| व्यसनम् | – | आसक्ति |
| प्रकृतिसिद्धम् | – | स्वभाव से सिद्ध, स्वाभाविक |
| इदम् | – | यह |
| महात्मनाम् | – | महान लोगों का |
| दुर्जनेन | – | दुष्ट के |
| समम् | – | साथ |
| वैरम् | – | शत्रुता |
| प्रीतिम् | – | लगाव |
| कारयेत् | – | करना चाहिए |

| | | |
|---|---|---|
| उष्णः | – | गर्म |
| दहति | – | जलाता है |
| चाङ्गारः | – | और जलता हुआ कोयला |
| शीतः | – | ठंडा |
| कृष्णायते | – | काला करता है |
| करम् | – | हाथ को |

## सन्धि-विच्छेदः / पदविच्छेदः –

| | | |
|---|---|---|
| समुत्पन्ने | = | सम् + उत्पन्ने |
| सत्यमस्ति | = | सत्यम् + अस्ति |
| यच्छलमभ्युपैति | = | यत् + छलम् + अभि + उप + एति |
| समुद्रमासाध | = | समुद्रम् + आसाद्य |
| भवन्त्यपेयाः | = | भवन्ति + अपेयाः (यण् सन्धिः) |
| मित्रमेव | = | मित्रम् + एव |
| आमित्रोऽपि | = | अमित्रः + अपि (विसर्ग सन्धि, पूर्वरूप) |
| धैर्यमथाभ्युदये | = | धैर्यम् + अथ + अभ्युदये |
| चाभिरुचिर्व्यसनम् | = | च + अभिरुचिः + व्यसनम् |
| प्रकृतिसिद्धमिदम् | = | प्रकृतिसिद्धम् + इदम् |
| चाङ्गारः | = | च + अङ्गारः (दीर्घसन्धि) |

## प्रकृति–प्रत्यय–विभागः

समुत्पन्ने – सम् + उत् + √पद् + क्त, सप्तमी एकवच

वदन्ति – √वद्, लट्लकार, प्रथम पुरुष, बहुवचन

अभ्युपैति – अभि + उप + √इ, लट्लकार, एकवचन

गुणाज्ञेषु – गुण + √ज्ञा + क, सप्तमी बहुवचन

प्राप्य – प्र + √आप् + ल्यप्

प्रवहन्ति – प्र + √वह्, लट्लकार, प्रथमपुरुष, बहुवच

आसाद्य – आ + √सद् + णिच् + ल्यप्।

पेयाः – √पा + यत् प्रथमा बहुवचन (पुं.)

सम्प्राप्ते – सम् + प्र + √आप् + क्त, सप्तमी एकवच

भवेत् – √भू, विधिलिङ् लकार, प्रथमपुरुष, एकवचन

तुष्यन्ति – √तुष्, लट्लकार, प्रथमपुरुष बहुवचन

वक्तव्यम् – √वच् + तव्यत्

श्रुतौ – √श्रु + क्तिन् स्त्रीलिङ्ग सप्तमी एकवचन

कारयेत् – √कृ + णिच् विधिलिङ्, प्रथमपुरुष, एकवच

कृष्णायते – कृष्ण + क्यङ् (कृष्ण इव आचरति, कृष्णं करो

# अभ्यासः

## मौखिकः

1. एकपदेन उत्तरं वदत –

(क) केन समं प्रीतिं वैरं च न कारयेत् ?

(ख) नद्याः जलं कदा अपेयं भवति ?

(ग) वृद्धिकाले कः मित्रं भवेत् ?

(घ) केन सह प्रीतिं न कुर्यात् ?

(ङ) महात्मनाम् किम् लक्षणम् अस्ति ?

**2. प्रकृति-प्रत्यय विभागं कुरुत–**

वदन्ति, भवन्ति, सम्प्राप्ते, कृष्णायते, प्रवहन्ति, गुणज्ञेषु ।

**3. श्लोकानां वाचनम् कुरुत ।**

**4. निम्नलिखितानां पदानाम् अर्थं वदत–**

रसवती, श्रमवती, वाकपटुता, विक्रमः, महात्मनाम्, दुर्जनेन, उष्णः कारयेत्, यशसि, क्रिया

## लिखितः

### पाठानुसारम्

1. एकपदेन उत्तरं लिखत–

(क) के गुणज्ञेषु गुणाः भवन्ति ?

(ख) का आस्वाद्यतोयाः भवन्ति ?

(ग) प्रियवाक्यप्रदानेन के तुष्यन्ति ?

(घ) के धर्मं वदन्ति ?

(ङ) वृद्धिकाले कः मित्रं भवेत् ?

(च) सफलजनस्य क्रिया कीदृशी ?

(छ) सफलस्य नरस्य वाणी कीदृशी ?

**2. श्लोकांशेषु रिक्तस्थानानि पूरयत–**

(क) पुस्तकस्था तु या विद्या, ..................... ।

(ख) गुणा गुणज्ञेषु ............... भवन्ति ।

(ग) प्रियवाक्यप्रदानेन सर्वे ............. भवन्ति ।

(घ) अमित्रोऽपि सर्वे ............... ।

(ङ) विपदि धैर्यमथाभ्युदये ............ ।

**3. सन्धि / पदविच्छेदं कुरुत –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | सत्यमस्ति | = | ........... + ............ |
| (ख) | अभ्युपैति | = | ............. + ............ |
| (ग) | मित्रमेव | = | ............. + .......... |
| (घ) | चाङ्गारः | = | .............. + .......... |
| (ङ) | अमित्रोऽपि | = | ................ + .......... |

(च) भवन्त्यपेया: = ................. + ...............

(छ) समुत्पन्ने = ................. + ...............

4. **प्रकृति-प्रत्यय-विभागं कुरुत–**

अभ्युपैति, भवन्ति, पेयाः, प्रवहन्ति, गुणज्ञेषु, प्राप्य, आसाद्य, सम्प्राप्ते ।

5. **अधोलिखितयोः श्लोकयोः आशयं हिन्दीभाषया लिखत–**

(क) प्रियवाक्यप्रदानेन सर्वे तुष्यन्ति जन्तवः ।
तस्मात् तदेव वक्तव्यं वचने का दरिद्रता ॥

(ख) आपत्काले तु सम्प्राप्ते यत् मित्रं मित्रमेव तत् ।
वृद्धिकाले तु सम्प्राप्ते अमित्रोऽपि सहृद्भवेत् ।

6. **परस्परमेलनम् कुरुत–**

| | |
|---|---|
| (क) वृद्धिकालः | (i) शुष्कः |
| (ख) दुर्जनेन | (ii) समृद्धिकालः |
| (ग) उष्णः | (iii) मित्रम् |
| (घ) सुहृद् | (iv) शौर्यः |
| (ङ) अमित्रः | (v) दुष्टेन |
| (च) विक्रमः | (vi) शत्रुः |
| (छ) रसवती | (vii) जीवनम् |
| (ज) जीवितम् | (viii) मधुरा |

7 अधोलिखितषु पदेषु शुद्धं पदं चित्वा लिखत–

यथा – गुणज्ञेसु, गुणज्ञेषु, गुणज्ञषु – गुणज्ञेषु

(क) लोकेषू, लोकेषु, लोकसु ............

(ख) मनुष्यानाम्, मनुष्याणाम्, मनुष्यणाम् .............

(ग) दुर्जनेन, दुर्जनेण, दुर्जणेन ...........

(घ) वृद्धीकाले, व्रद्धिकाल , वृद्धिकाले ...........

(ङ) महान्, महान, महान: ..........

(च) विपदि, वीपदि, विपदी ...........

## योग्यता–विस्तारः

नीतिश्लोक मानवजीवन में पद-पद पर दिशानिर्देश करते हैं । अतः विद्यार्थियों क जीवन की आवश्यकता में ही अधिकाधिक नीतिश्लोकों को कण्ठाग्र करना चाहिए । यह कुछ अतिरिक्त नीतिश्लोक दिये जाते हैं –

(1) अन्यायोपार्जितं वित्तं दश वर्षाणि तिष्ठति ।

प्राप्ते चैकादशे वर्षे समूलं तद् विनश्यति ।।

आज भ्रष्टाचार से कई लोग दरिद्र से धनवान् बन जाते हैं किन्तु ऐसे लोगों के ध का रहस्य नियत समय पर खुल जाता है और उपार्जन करने वाले की सामाजिक निन्द तो होती ही है, वह धन भी किसी-न-किसी रूप में चला जाता है ।

(2) नालसाः प्राप्नुवन्त्यर्थान् न शठाः न च मायिनः ।

न च लोकापवाद्भीता न च शश्वत् प्रतीक्षिणः ।।

इस श्लोक में लक्ष्य प्राप्ति न करने वाले लोगों की सूची दी गई है । तदनुसार आलसी, धूर्त, छल-प्रपञ्च करने वाले लोकापवाद (लोकनिन्दा) से डरने वाले तथा चिर काल तक प्रतीक्षा करते रहने वाले लोग जीवन में सफल नहीं होते। भाव यह है कि उद्यमी तथा परिश्रमी बनें ।

(3) अतिथिर्बालकः पत्नी जननी जनकस्तथा ।

पञ्चैते गृहिणः पोष्या इतरे च स्वशक्तितः ।।

इसमें गृहस्थ लोगों द्वारा अनिवार्य रूप से पालन-पोषण के योग्य लोगों की सूची दी गई है। वे हैं –अतिथि, बालक (अपना या किसी अन्य का बच्चा), पत्नी माता तथा पिता। जहाँ तक हो सके इन पाँचों के अतिरिक्त भी यथाशक्ति लोगों का पालन करें । आज के भौतिकवादी युग में यह कर्तव्य लोग भूल रहे हैं। भारतीय संस्कृति का यह लक्षण है कि गृहस्थ लोग अपने साधनों का उपयोग उपकार में करें ।

(4) दरिद्रता धीरतया विराजते, कुरूपता शीलतया विराजते ।

कुभोजनं चोष्णतया विराजते, कुवस्त्रता शुभ्रतया विराजते ।।

धीरज होने से गरीबी भी शोभाजनक होती है । यदि अच्छा आचरण हो (शीलतया) तो कुरूपता पर भी लोगों का ध्यान नहीं जाता । यदि निकृष्ट या अपाच्य भोजन मिले तो उष्ण (गर्म) रहने पर उतना हानिकारक नहीं होता। इसी प्रकार स्वच्छ हो तो फटे-चिटे वस्त्र पर ध्यान नहीं जाता है। भाव यह है कि गरीबी में धीरज नहीं खोना चाहिए अच्छे आचरण से बदसूरती ढँक जाती है, गर्म भोजन करना चाहिए तथा सदैव साफ-सुथरे कपड़े पहनने चाहिए ।

◆◆◆